Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding need to develop sports infrastructure and facilities under 'Khelo India Yojana' in Goplaganj district, Bihar.-Laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मैं केंद्र प्रायोजित "खेलो इंडिया योजना" की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्टता प्राप्त करना है, जिससे जनता, इसके व्यापक प्रभाव के माध्यम से खेल-कूद की क्षमता का उपयोग कर सके। खेलो इंडिया कार्यक्रम में खेल के बुनियादी ढांचे की विभिन्न श्रेणियों के निर्माण और उन्नयन के माध्यम से खेल के बुनियादी ढांचे का विकास करना; खेल के मैदान का विकास करना; सामुदायिक कोचिंग विकास; सामुदायिक खेलों को बढ़ावा देना; ग्रामीण और स्वदेशी खेलों के साथ-साथ स्कूल और विश्वविद्यालय दोनों स्तरों पर एक मजबूत खेल प्रतियोगिता संरचना की स्थापना, दिव्यांगजनों के लिए खेल तथा महिला खेल और स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय शारीरिक फिटनेस अभियान का कार्यान्वयन करना शामिल है। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, बिहार के गोपालगंज जिले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और अधिक महत्व वाले क्षेत्रों के निवासियों के रहन-सहन की स्थिति में सुधार करके ग्रामीण विकास लक्ष्य को पूरा करने की आवश्यकता है। " खेलो इंडिया योजना" से खेल के बुनियादी ढांचे और खेल के मैदान की सुविधाओं के प्रावधान के माध्यम से निश्चित रूप से बिहार के जिला गोपालगंज में ग्रामीण तथा शहरी दोनो क्षेत्रों का विकास होगा। मैं माननीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि बिहार के गोपालगंज जिला को खेलो इंडिया योजना के तहत शामिल किया जाए ताकि खेलकूद की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेल के बुनियादी ढांचे और खेल के मैदानों की व्यवस्था की जा सके और लोगो को खेल गतिविधियां में भाग लेने के अवसर प्रदान किए जा सकें।